नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जीतू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

कोर्ट में भिंड पुलिस का जवाब-ढूंढे रहे हैं, नहीं मिल रहे

ग्वालियर. प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. ग्वालियर एमपी एमएलए कोर्ट ने जीतू पटवारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. पटवारी के खिलाफ गिरफ़्तारी वारंट भिंड के बीएसपी नेता देवाशीष जरारिया पर लगाए गए आरोपों के बाद दर्ज केस में जारी किया गया है. कोर्ट ने भिंड पुलिस को भी फटकार लगायी है.

लोकसभा चुनाव के दौरान भिंड के ऊमरी में कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया के समर्थन में 27 अप्रैल 2024 को चुनावी सभा हुई थी. सभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने बीएसपी प्रत्याशी देवाशीष जरारिया पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए बीजेपी से साठगांठ कर लेनदेन के गंभीर आरोप लगाये थे. इसके बाद जीतू पटवारी के ख़िलाफ़ बसपा नेता अशोक गुप्ता ने 4 मई 2024 को ऊमरी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करायी थी.

जमानती वारंट को नजरअंदाज किया: बाद में ये मामला एमपी एमएलए कोर्ट में पहुंचा. जून 2024 को चार्टशीट पेश होने के बाद एमपी एमएलए कोर्ट ने जीतू पटवारी को समन भेजा. नवंबर 2024 में कोर्ट द्वारा जमानती वारंट भी भेजा गया लेकिन लगातार जीतू पटवारी द्वारा इसे नजरअंदाज किया गया. पुलिस की ओर से आरोपी के बाहर होने की बात कह समान लौटाए जाते रहे. जनवरी 2026 को एमपी एमएलए कोर्ट ने जीतू पटवारी को कोर्ट में तलब किया लेकिन वे फिर भी नहीं आए.

भिंड पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी

जिला अभियोजन अधिकारी मनोज जैन के मुताबिक एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई के दौरान जीतू पटवारी की लगातार ग़ैरहाजिरी और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल किए. भिंड पुलिस की ओर से कोर्ट को बताया गया जीतू पटवारी का अब तक पता नहीं चल सका है. वे इंदौर से बाहर हैं. इस पर कोर्ट ने भिंड पुलिस की कार्यप्रणाली पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा 'जीतू पटवारी पूरे प्रदेश में घूम रहे है, उनके बयान अखबारों और टीवी में प्रकाशित व प्रसारित हो रहे हैं. लेकिन पुलिस को नहीं मिल रहे हैं, ऐसा लगता है कि पुलिस आरोपी को संरक्षण दे रही है.

कोर्ट ने भिंड एसपी को दिया अल्टीमेटम

कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए भिंड पुलिस अधीक्षक को आदेश दिया है कि वे खुद स्पेशल टीम बनाकर कर जीतू पटवारी का गिरफ्तारी वारंट तामील कराएं और अगली पेशी में कोर्ट में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करायें. अब इस मामले में अगली सुनवाई आने वाली 27 जुलाई को होगी.

माधव टाइगर रिजर्व में तीन माह के लिए पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित

शिवपुरी. स्थित माधव टाइगर रिजर्व में वर्षा ऋतु को देखते हुए आज से पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है. माधव टाइगर रिजर्व के सूत्रों ने बताया कि वन विभाग के प्रावधानों के तहत एक जुलाई से 30 सितंबर तक रिजर्व तथा उसके सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के प्रवेश पर रोक रहेगी. उन्होंने बताया कि प्रतिबंध अवधि समाप्त होने के बाद पृथक से सूचना जारी कर पर्यटन गतिविधियां पुनः प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी जाएगी. उल्लेखनीय है कि माधव टाइगर रिजर्व अपने प्राकृतिक सौंदर्य, वन्यजीवों, जलप्रपातों तथा पर्यटन स्थलों के कारण पर्यटकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र है.

जरूरतमंदों-पीड़ितों की सेवा ही सच्ची भक्ति

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बड़वानी सहित निमाड़ की धरती संतों, संस्कृति और लोक परंपराओं से समृद्ध रही है. भारत की संत परंपरा ने सदैव समाज को सही दिशा दिखाई है, उनके मार्गदर्शन से समाज में सद्भाव, संयम और सेवा की भावना विकसित होती है.



गरीबों, जरूरतमंदों और पीड़ितों की सेवा ही सच्ची भक्ति है, समाज तभी आगे बढ़ता है जब धर्म और सेवा साथ चलते हैं, यही भारतीय संस्कृति का मूल संदेश है. बड़वानी के समीप तलून में बनने वाला खाटू श्याम मंदिर इस गौरवशाली विरासत को मजबूत करेगा और आने वाली पीढ़ियां भी इस धरोहर से जुड़ेंगी.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव तलून में खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और 21 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का अवसर केवल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का पर्व है. बाबा श्री खाटू श्याम की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे. बाबा खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है, क्योंकि वे अपने भक्तों के दुःख हरने वाले देवता माने जाते हैं. बाबा खाटू श्याम को बर्बरीक का स्वरूप माना जाता है.

> उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा और लोक कल्याण के लिए अपना शीश भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित कर दिया था. उनका यह अद्वितीय त्याग भारतीय संस्कृति में वीरता, विनम्रता और समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है. मां नर्मदा मां की परिक्रमा के बाद महंत श्री शशि गिरि महाराज के मन में खाटू श्याम मंदिर बनाने का विचार आया.

प्राकृतिक खेती और गोवंश सुविधाओं का लिया जायजा

बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का निरीक्षण : उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

भोपाल,01 जुलाई. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का निरीक्षण कर प्राकृतिक खेती और गौवंश संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने परिसर में प्राकृतिक तरीके से उगाई गई सब्जियों और अन्य उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की.

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश वन्य विहार में कम जगह पर मल्टी-लेयर प्राकृतिक खेती का सफल मॉडल विकसित किया गया है. यहां हल्दी, अदरक, प्याज के साथ लौकी, तोरई, कद्दू, करेला, खीरा, भिंडी और बैंगन जैसी फसलें बिना रासायनिक खाद के उगाई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि डीएपी और यूरिया के बिना भी बेहतर उत्पादन संभव है. प्राकृतिक खेती से किसानों की लागत घटती है, आय बढ़ती है और विषमुक्त फसलों से लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है. उप मुख्यमंत्री ने बताया कि विहार में करीब 9 हजार बेसहारा गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है.

पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना होगा

- विभाग की समीक्षा बैठक में मंत्री पटेल ने दिए निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 1 जुलाई. ग्रामीण विकास योजनाओं का मुख्य उद्देश्य सिर्फ आधारभूत सुविधाएं देना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर, सशक्त और रोजगारोन्मुखी बनाना होगा.

यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विकास भवन में ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही. इस दौरान मंत्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों का श्रेणीकरण उनके वास्तविक डाटा और भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर किया जाए तथा इस प्रक्रिया में पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि पंचायतों को आत्मनिर्भर, सशक्त और रोजगारोन्मुखी बनाना होना चाहिए.

पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान, सामुदायिक शौचालयों की स्थिति तथा वीवीजी रामजी योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जल संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाए.

> उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के तहत ऐसे कार्यों का चयन किया जाए, जिनसे रिचार्जिंग सिस्टम को मजबूती मिले और जल संरक्षण के स्थायी परिणाम प्राप्त हों। सामुदायिक भवनों के रखरखाव एवं स्वच्छता के लिए उपलब्ध राशि का उपयोग उसी परिसर में किया जाए तथा आवश्यकता अनुसार उपयुक्त स्थलों का चयन किया जाए. बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन के तहत प्रदेश के 24 जिलों में भारत सरकार द्वारा प्राप्त 1.89 लाख आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत स्वीकृतियां प्रदान की जा चुकी हैं तथा 1.44 लाख से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं.

दस हजार का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

मुरैना. जिले की स्टेशन रोड थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों में पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी आरोपी को ग्वालियर से गिरफ्तार किया और उसके पास से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया.

पत्नी पर 5 लाख मांगने और 'नीले ड्रम' की धमकी देने का आरोप

ग्वालियर, 1 जुलाई. शादी के महज ढाई महीने बाद पति-पत्नी का विवाद पुलिस तक पहुंच गया है. युवक ने अपनी पत्नी पर ब्लैकमेलिंग, पैसे मांगने और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं.

पीड़ित का दावा है कि उसकी पत्नी उससे 5 लाख रुपये की मांग कर रही है और रकम नहीं देने पर उसे नीले ड्रम में पैक करने की धमकी दे रही है. युवक ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की है और कुछ वीडियो व अन्य डिजिटल साक्ष्य भी सौंपे हैं. पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और महिला का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है.फिलहाल मामले की पड़ताल जारी है और पुलिस दोनों पक्षों के तथ्यों की जांच कर रही है. मुगलपुरा निवासी राहुल जाटव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 14 अप्रैल 2026 को शिवपुरी जिले की युवती राखी के साथ हुई थी. लेकिन करीब एक महीने बाद 23 मई को पत्नी अपने मायके चली गई.

समय सीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

- सिंहस्थ का ध्यान में रखकर हो स्टेशन का विकास : शर्मा
- यात्री प्रतिक्षालय, लिफ्ट, रिज़र्वेशन काउंटर की जरुरत

भोपाल, 01 जुलाई . सांसद आलोक शर्मा ने बुधवार को हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया. उन्होंने अमृत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों और स्टेशन की साफ-सफाई का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए.

आगामी उज्जैन सिंहस्थ को ध्यान में रखकर स्टेशन का विस्तार और आधुनिकीकरण किया जाए. सांसद शर्मा ने कहा कि सिंहस्थ के दौरान संत हिरदाराम नगर जंक्शन पर यात्रियों का दबाव बढ़ेगा. इसे देखते हुए यात्री प्रतीक्षालयों की संख्या बढ़ाई जाए, दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, आरक्षण काउंटर बढ़ाए जाएं तथा स्टेशन पर स्टाफ की कमी दूर की जाए. उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर वे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी पत्र लिखेंगे.

विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के आवास पर पधारे पंड़ित धीरेंद्र शास्त्री

भोपाल, 1 जुलाई. बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेंद्र शास्त्री विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के प्रोफेसर कालोनी भोपाल स्थित आवास पर पधारे. इस अवसर पर उन्होंने परिवार सहित बागेश्वर धाम के महंत धीरेंद्र शास्त्री की अगवानी कर उनका अभिनंदन किया. इस अवसर पर तोमर, उनकी पत्नी किरण तोमर, पुत्र प्रबल प्रताप सिंह तोमर रघु सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त किया.

रिपोर्ट मांगकर फाईल बंद करने का रवैया नहीं चलेगा : हाईकोर्ट

जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने इटारसी नगर पालिका में कथित 14.20 करोड़ के अवैध भुगतान मामले में स्पष्ट कर दिया है कि केवल अधिकारियों से प्रतिवेदन मंगाकर शिकायतों को लंबित नहीं रखा जा सकता. एकलपीठ ने मामले में प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन को 90 दिनों के भीतर जांच पूरी कर विधिसम्मत निर्णय लेने का निर्देश दिया. याचिकाकर्ता इटारसी निवासी पत्रकार सुरेश कुमार चिंचवाड़ की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी,आनंद शुक्ला और अपूर्व त्रिवेदी ने पैरवी की. मामला इटारसी नगर पालिका परिषद में 35 माह के दौरान 14,20,51,378 के कथित अवैध भुगतान से जुड़ा है. याचिका में आरोप लगाया गया कि मध्य प्रदेश नगर पालिका (लेखा एवं वित्त) नियम, 2018 के नियम 85(2) तथा शासन के छह अगस्त 2022 के आदेश का उल्लंघन करते हुए फर्जी नोटशीट के आधार पर भुगतान किये गये, जिससे नगर पालिका को भारी वित्तीय क्षति हुई. आरोप तत्कालीन अध्यक्ष पंकज चौरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा तथा अन्य अधिकारियों पर लगाए गए हैं. याचिकाकर्ता का कहना था कि कई शिकायतों और प्रतिवेदनों के बावजूद विभाग ने केवल आयुक्त से रिपोर्ट मंगाकर मामला लंबित रखा और ठोस जांच नहीं कराई.

नशीला पदार्थ पिलाकर किशोरी के साथ गैंगरेप

दतिया, 1 जुलाई. नशीला पदार्थ पिलाकर किशोरी के साथ गैंग-रेप किया गया. 16 वर्षीय किशोरी के साथ तीन युवकों ने गैंग-रेप किया. नीलेश कुशवाहा, मंगल कुशवाहा और बंटी कुशवाहा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. यह बसई थाना क्षेत्र के मौजा लक्ष्मणपुरा सांकुली मौजा की घटना है. बसई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है.

दो नायब तहसीलदार एवं दो मुख्य नपा अधिकारियों को नोटिस

ग्वालियर, 1 जुलाई. लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा के भीतर सेवायें उपलब्ध न कराने पर जिले के दो नायब तहसीलदारों व दो मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भारी पड़ने जा रहा है.

इन अधिकारियों पर अर्थदण्ड लगाने के लिये कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं.

लोक सेवा गारंटी कानून में प्रत्येक सेवा में देरी पर प्रतिदिन 250 रुपए के मान से इन पर 5 हजार रुपए तक का अर्थदण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान है. परिषद आंतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बृजकिशोर शर्मा को 19 आवेदनों में समय-सीमा के भीतर सेवायें न प्रदान करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.